## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो पंचायत सचिव निलंबित

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने पंचायत सचिव सुदर्शन पटेल को शौचालय निर्माण के राशि का दुरूप्रयोग करने एवं कविता उपाध्याय को स्वीकृत अवकाश अवधि समाप्त होने के पश्चात आज पर्यन्त बिना पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उक्त दोनों पंचायत सचिव को कार्यालय जनपद पंचायत सारंगढ़ में अटैच किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### चांदमारी में ही लिए जाएंगे कोविड सैंपल

**रायगढ़।** स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी देते हुए बताया है कि नगर निगम ऑडिटोरियम में संचालित कोविड सैंपल कलेक्शन सेंटर को बंद किया जा रहा है। आज से कोविड सैंपल कलेक्शन का कार्य सिर्फ चांदमारी कलेक्शन सेंटर में किया जाएगा। यहां सुबह 08 बजे से रात 08 बजे तक सैंपल जांच के लिए दिए जा सकेंगे।

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की चयन सूची जारी

**रायगढ़।** जिला खनिज न्यास निधि मद अंतर्गत स्टॉफ नर्स एवं फिडिंग डिमॉस्ट्रेटर के संविदा रिक्त पदों पर वॉक-इन-इंटरव्यू पश्चात चयनित अभ्यर्थियों की सूची रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.nic.in में अपलोड किया गया है।

### युवक ने अपने दो मासूम बच्चों को कुरकुरे में मिलकर दिया जहर और खुद झूल गया फ ांसी पर

**अंबिकापुर (आरएनएस)।** गांधीनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने दो बच्चों को कुरकुरे में जहर देकर खुद फांसी पर झूल गया। जिससे एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। मृतक सुदीप मिश्रा गोधनपुरी में सीमेंट दुकान चलाता है। वह अपनी पत्नी और साले को किसी काम से बाजार भेज दिया। जिसके बाद सुदीप ने कुरकुरे में जहर मिलाकर अपनी 8 वर्षीय पुत्री और डेढ़ वर्ष के पुत्र को खाने को दे दिया। फिर खुद कमरे में आकर फांसी लगा लिया। जब उसकी पत्नी बाजार से लौटी तो देखा की सुदीप फांसी पर लटका हुआ है। वहीं उसकी 8 वर्षीय पुत्री ने भी दम तोड़ दिया वहीं उसके पुत्र गंभीर रूप से घायल है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एक जवान हुआ घायल, घायल जवान की स्थिति खतरे से बाहर

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के इलमीड़ी थाना क्षेत्र में प्रेशर बम की चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया है । घायल जवान का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बीजापुर जिला चिकित्सालय रिफ र कर दिया गया है । घायल जवान की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि जिला बल में पदस्थ जवान सरैया तलाण्डी इलमीड़ी के सनजयपारा में माओवादियो के लगाए पर्चे को निकाल रहा था इसी दौरान यह हादसा हो हुआ । घायल जवान की स्थिति खतरे से बाहर है, बेहतर उपचार के लिए बीजापुर लाया जा रहा है ।

### शॉर्ट सर्किट के कारण अधिवक्ता के कार में लगी आग कोई हताहत नहीं

**जगदलपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ग्राम बालेगा के पास रविवार रात के 10:00 बजे कार शॉर्ट सर्किट होने से लगी आग कार पूरी तरह हुआ जलकर हुआ खाक अधिवक्ता नितिन जैन बचे बाल बाल आग बुझाने फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। अधिवक्ता नितिन जैन ग्राम सोनारपाल निवासी हर रविवार के अपने निवास गृह ग्राम सोनारपाल में आते हैं वापस अपने वर्तमान निवास जगदलपुर जाते हैं। थाना बस्तर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बालेगा के पास कार शॉर्ट सर्किट होने से अचानक लगी आग आग लगते ही अधिवक्ता नितिन जैन ने बताया कि कार पर अकेला रहा शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लगने से कार से उतर कर दूर चला गया। कार जल पूरी तरह हुआ खाक। बताया जा रहा है कि।घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र, कार्य मन्त्रणा समिति की बैठक

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत की अध्यक्षता में आज यहां विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे सहित समिति के सदस्यगण बैठक में उपस्थित थे।

# लैलूंगा के जवाफूल चावल को मिला एफएसएसआई का लायसेंस

## सी-मार्ट में होगी केलो ब्रांड के नाम से सुगंधित जवाफूल चावल की बिक्री



**रायगढ़।** लैलूंगा की पहचान सुगंधित जवाफूल धान जिसका चावल की मांग पूरे भारत में है। जवाफूल धान की एक ऐसी देशी किस्म है जो रायगढ़ जिला के लैलूंगा ब्लाक के किसानों द्वारा जैविक विधि से इसकी खेती वर्षो से करते आ रहे है। वर्ष 2020 में रायगढ़ में कलेक्टर भीम सिंह ने माह नवम्बर में लैलूंगा का भ्रमण किए और जवाफूल धान के खेतों का निरीक्षण किये। इस दौरान उन्होंने किसानों से मिलकर इसकी प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग के विषय में विस्तृत चर्चा किये। किसानों ने बताया कि 60-70 रुपये किलो में बिचौलियों को विक्रय किया जाता है। जिससे किसानों को फसल का सही दाम नहीं मिलने के कारण लगातार धान का रकबा कम हो रहा है।

कलेक्टर सिंह ने जवाफूल धान की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषक संगठन बनाने हेतु लैलूंगा के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और उप संचालक कृषि रायगढ़ को निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह के निर्देशन पश्चात लैलूंगा में जवाफूल धान लगाने वाले कृषकों का सर्वे कराया गया एवं जवाफूल धान के रकबा की जानकारी ली गई। वर्ष 2020 खरीफ में 250 हेक्टेयर जवाफूल धान का रकबा था। लैलूंगा में 5 एफपीओ का गठन किया गया जो जवाफूल धान की खेती करते है एवं एक हजार से अधिक कृषक इसमें जुड़े।

वर्ष 2020 खरीफ में लैलूंगा में जवाफूल 250 हेक्टेयर का रकबा था। लैलूंगा में वर्ष 2021 में जवाफूल का रकबा बढ़कर एक हजार हेक्टेयर हो गया है। इस वर्ष अच्छा उत्पादन भी हुआ है। जवाफूल चावल का दूसरे शहरों एवं प्रदेशों में बिक्री हेतु विधिवत रूप से लैलूंगा एफओपी के सचिव जतिराम भगत द्वारा लाइसेंस हेतु एफएसएसआई (फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया) ऑनलाईन आवेदन किया गया। 3 मार्च 2022 को उक्त संस्था द्वारा लाइसेंस जारी किया गया है। वर्तमान में अब तक उक्त एफपीओ द्वारा व्यापार हेतु शीघ्र ही छ.ग.के कई शहरों के सी-मार्ट में चावल का विक्रय किया जाएगा। लैलूंगा में जवाफूल की खेती करने वाले कृषकों में खुशी का माहौल है।

# वाहन में लोड 10 क्विंटल लोहे का कबाड़ जब्त, आरोपी गिरफ्तार

- 6 चक्का टर्बो सरताज वाहन में खरसिया से लोड होकर पूंजीपथरा जा रहा था अवैध स्क्रैप



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर आज दिनांक 07.03.2022 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर उर्दना बैरियर पर नाकेबंदी कर कबाड़ लोड टर्बो सरताज वाहन CG 11-AG-4320 को पकड़ा गया है। कार्यवाही में शामिल उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा द्वारा वाहन के ड्रायवर का नाम और वाहन में लोड स्क्रैप के बारे में पूछताछ करने पर वाहन चालक अपना नाम अशोक साहू पिता हेतराम साहू 34 साल निवासी ग्राम शेरो थाना डभरा जिला जांजगीर-चाम्पा का रहने वाला बताया तथा वाहन में लोड स्कैप को खरसिया से लोड कर पूंजीपथरा लेकर जाना बताया है। पुलिस टीम द्वारा वाहन में लोड स्कैप के कागजात की मांग किये जाने पर ड्रायवर कोई कागजात नहीं होना बताया जिस पर वाहन में चोरी का माल होने के संदेह पर वाहन का वजन कराया गया जिसमें 1 टन टिन, लोहे का कबाड़ कीमती 30,000 रूपये पाया गया। कोतवाली पुलिस ड्रायवर के विरूद्ध द्वारा धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC की कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष नागर, उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा , प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू, प्रधान आरक्षक हेमन पात्रे और आरक्षक विनोद शर्मा थाना कोतवाली की अहम भूमिका रही है।

# चोर ने जंगल में छोड़कर भागा चोरी की ट्रैक्टर



**रायगढ़।** दिनांक 07.03.2022 को ग्राम सुंदराभांठा में रहने वाले अवधेश कुर्रे पिता सुखराम कुर्रे उम्र 44 वर्ष थाना सारंगढ़ के द्वारा सुबह थाना सारंगढ़ आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी आईचर ट्रैक्टर को अपने घर के पास रोड किनारे प्रतिदिन की तरह खड़ी किया था जिसे दिनांक 06.03. 2022 की रात ट्रैक्टर के ट्राली को छोड़कर कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 100/2022 धारा 379 IPC थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले द्वारा तत्काल अपने स्टाफ को चोरी गये ट्रेक्टर की पतासाजी में लगाया गया और मुखबिरों को चोरी गये ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 जेड-1826 के संबंध में सूचना देने निर्देशित किये कि कुछ घंटों के बाद ही चोरी गये ट्रेक्टर के छुहीपाली के जंगल पास लावारिस हालत में खड़े होने की जानकारी थाना प्रभारी सारंगढ़ को मिला जिस पर ट्रेक्टर को बरामद कर थाना लाया गया। अज्ञात चोर सारंगढ़ पुलिस के बढ़ते दबाव को भांपकर ट्रैक्टर को छोड़ जाना उचित समझा। सारंगढ़ पुलिस अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही है। चोरी के अपराध कायमी के चंद घंटों बाद चोरी हुए ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 जेड 1826 कीमती करीब ₹4,00,000 को बरामद की कार्रवाई में टीआई विवेक पाटले के साथ थाना सारंगढ़ के प्रधान आरक्षक टीकाराम खटकर, आरक्षक कन्हैया खुटे, कृष्णा महंत की अहम योगदान रहा है।

# गुम भाई की तलाश के लिए बहन ने की रायगढ़ पुलिस के फेसबुक पर मैसेज : युवक को ढूंढकर ओड़िशा से लाया गया

- एडिशनल एसपी ने शीघ्र युवक की पतासाजी करने दिए निर्देश
- एक अन्य मामले में गुम नाबालिग यूपी के उन्नाव से हुई बरामद

**रायगढ़।** दिनांक 07.03.2022 को रायगढ़ पुलिस के फेसबुक पर पुसौर क्षेत्र की युवती उसके लापता भाई की खोज में मदद के लिये मैसेज की जिस पर एडिशनल एसपी लखन पटले द्वारा थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव से गुम बालक के संबंध में जानकारी लिया गया। थाना प्रभारी पुसौर बताये कि गुम युवक के परिजन दिनांक 05.03.2022 को युवक के बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। एसआई गिरधारी साव बताये कि गुम युवक के फोटो उनके सभी पुलिस एवं संपर्क सूत्रों को व्हाटसअप किया गया, युवक के मोबइल को भी सार्विलांस में रखा गया है। एडिशनल एसपी पटले द्वारा थाना प्रभारी पुसौर को शीघ्र युवक की पतासाजी का निर्देश दिया गया जिसके कुछ देर बाद थाना प्रभारी पुसौर द्वारा एएसपी को गुम युवक के पंचगांव (ओडिशा) में देखे जाने की जानकारी मिलना बताये। एएसपी पटले द्वारा थाना प्रभारी को शीघ्र स्टाफ भेजकर युवक को रायगढ़ लाने निर्देशित किये। लगातार पतासाजी में #पुसौर पुलिस गुम युवक को ढूंढ निकालने में सफल रही जिसे पंचगांव से रायगढ़ लाया गया, थाना प्रभारी पुसौर गुम युवक को उनके परिजनों के सुपुर्द कर युवक को बिना बताये कहीं न जाने की समझाइश दी गई है।

वहीं थाना पुसौर के अप.क्र. 77/2022 धारा 363 IPC की गुम नाबालिग बालिका को खोजबिन में पुसौर पुलिस को सफलता मिली है। बालिका के परिजन द्वारा दिनांक 24.02.2022 को थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 23.02.22 को बालिका अपने सहेलियो के साथ स्कूल पढने गई थी जिसके बाद से घर नही आई, रिश्तेदारो एवं आसपास के गांव में खोजबीन किये है कहीं पता नही चल रहा। थाना प्रभारी पुसौर द्वारा गुम बालिका की जांच में लगातार उसके सहेलियों एवं संपर्क में रहे व्यक्तियों से बालिका के संबंध में जानकारी लिया जा रहा था कि बालिका के उन्नाव (उत्तर प्रदेश) में होने की जानकारी मिलने पर एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर बालिका को पुलिस टीम उन्नाव (उत्तर प्रदेश) से रायगढ़ लाया गया है। बालिका पूछताछ में गांव से कमाने खाने उन्नाव गये परिचित के पास जाना बतायी है। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी एवं सीडब्लूसी से कथन पश्चात परिजनों के सुपुर्द किया जावेगा। पुसौर थाने के पर्यवेक्षण अधिकारी एडिशनल एसपी (ट्रैफिक) माहेश्वर नाग द्वारा गुम इंसानों की शीघ्र पतासाजी पर थाना प्रभारी की पीठ थपथपाते हुए स्टाफ को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

# आंगनबाड़ी और स्कूलों में रनिंग वाटर आपूर्ति का करें निरीक्षण : कलेक्टर भीम सिंह

- कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक ली



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिससे घरेलू नल कनेक्शन के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत भवन आदि में नल के माध्यम से रनिंग वाटर के कार्य की भी जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी में किए जा रहे रनिंग वाटर कार्यो के निरीक्षण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन सस्थानों में जल आपूर्ति की सुविधा नही है उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, साथ ही जहां काम प्रगतिरत है वहां कार्य की गुणवत्ता की जांच करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत किए जा रहे कार्यो की निविदा प्रक्रिया में तेजी लाने ईई पीएचई को निर्देश दिए। ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि रेट्रोफिटिंग योजना के 411, सिंगल विलेज योजना के 476, सोलर योजना के 317 सहित कुल 1204 योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है तथा 369 योजनाओं की निविदा जारी की जा चुकी है। जिसमें से 556 योजनाओं का कार्यादेश जारी किया गया है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 203 योजनाओं में कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिसमें 06 मार्च की स्थिति में 30 हजार 837 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जा चुका है। उन्होंने बताया कि क्रेड़ा के 270 योजनाओं के लिए राशि भी जारी किया जा चुका है। 264 योजनाओं में निविदा आमंत्रित किया गया है तथा 184 योजनाओं पर कार्योदेश जारी किया जा चुका है।

इस मौके पर ईई क्रेड़ा आर.के.वर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी टी.के. जाटवर, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जल संसाधन एवं क्रेडा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




### अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलटी दो की मौत

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों में लगातार हो रहे सडक़ हादसों के कारण दर्जनों लोग अपनी जान गवा बैठे हैं जिसका एकमात्र कारण तेज रफ्तार और अनियंत्रित पूर्वक गाड़ी चलाना होता है। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलटने से दो लोगों की मौत हो गई है वहीं 16 लोग घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सभी लवन चौकी क्षेत्र के कोहरौद गांव के रहने वाले हैं। सभी ग्रामीण ट्रैक्टर में सवार होकर शादी समारोह से लौट रहे थे।

### एक मुश्त निपटान योजना के तहत वसूली योग्य पेनाल्टी राशि में छूट के समाप्त होने की अवधि बढ़ाई गई 31 मार्च तक

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन, परिवहन विभाग द्वारा यात्री/माल वाहनों पर लगने वाले मासिक/ त्रैमासिक बकाया टैक्स अदा करने के संबंध में एक मुश्त निपटान योजना लागू की गई है। यात्री/ मालवाहन का मासिक/त्रैमासिक कर समय पर न पटाने की स्थिति में विभाग द्वारा स्वामी से पेनाल्टी की राशि वसूल की जाती है। ऐसे वाहनों पर शासन द्वारा एक मुश्त निपटान योजना के तहत 01 अप्रैल 2013 से 31 दिसम्बर 2018 तक की वसूली योग्य पेनाल्टी राशि में छूट प्रदान की गई है। शासन द्वारा एक मुश्त निपटान योजना के तहत प्रदान की जाने वाली छूट के समाप्त होने की अवधि 31 मार्च 2022 है। समय-समय पर कर दाताओं को सूचित भी किया गया है परंतु सूचना के बावजूद अधिकांश करदाताओं द्वारा कर का भुगतान नहीं किया गया है। कर भुगतान से चुकने पर नियमानसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिसमें पंजीयन निरस्त करने से लेकर कुर्की तक की कार्यवाही की जा सकती है। वर्तमान में पूर्व सूचना के बावजूद भुगतान नहीं करने वाले बकायादारों की सूची कलेक्टर रायगढ़ को प्रेषित की गई है। ताकि कुर्की की कार्यवाही की जा सके।

जिला परिवहन अधिकारी ने पंजीकृत समस्त मासिक एवं त्रैमासिक मोटरयान कर दाताओं से आग्रह किया कि जिला परिवहन कार्यालय, रायगढ़ में आकर अपनी बकाया वाहनों का कर भुगतान कर एक मुश्त निपटान योजना 2022 के अंतिम मौके का लाभ उठाये।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

# पुष्पा, छबीली और सौम्या ने बदली नर्सिंग की तस्वीर : विपरीत परिस्थितियों ने और मजबूत बनाया

**रायगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान आम बात है। कई महिलाओं को सम्मान को दरकार नहीं होती। कई ऐसे भी हैं जो गुमनामी में चुपचाप अपनी क्षमता से अधिक कार्य कर योगदान दे रही हैं। इस खास दिवस पर हम लाए हैं मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल की नर्सों की कहानी ..

**नवजातों की सुपर मॉम छबीली**



छबीली पटेल (42) बीते 14 साल से नर्सिंग के पेशे में हैं और आज मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नवजात सघन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर है। यह छबीली और उनकी टीम की मेहनत का नतीजा है कि सरकारी अस्पताल के सबसे महत्वपूर्ण चिकित्सा इकाई पर लोगों का भरोसा समय के साथ और बढ़ा है। 22 बच्चों की क्षमता वाले एनआईसीयू में वर्तमान में 19 बच्चों की देखभाल वह अपनी टीम के साथ कर रही हैं। नवजातों के इलाज में लगी मशीनों में थोड़ी सी भी दिक्कत आने पर वह स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियर को सूचना देती हैं और जब तक वह पहुंचते हैं अक्सर वह खुद से उसे ठीक कर देती है। यह उनकी लगन है जिसके कारण वह कुछ न कुछ सीखती हैं और नवजातों के बेहतरी में उसका प्रयोग करती हैं।

छबीली के साथी बताते हैं वह नवजातों की न सिर्फ इलाज करती हैं बल्कि उनके पालकों को बच्चों के जतन और उनके स्वास्थ्य को लेकर समझाती भी हैं। मरीजों की देखभाल करना हम अपने नर्सिंग के कोर्स में पढ़ते हैं पर सिस्टर छबीली को देखकर हम सीखते हैं। वह नवजातों की सुपर मॉम हैं।

छबीली कहती हैं: " न्यूबोर्न इन्टेन्सिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) में हम सभी अपना सर्वस्व झोंक देते हैं। नवजात अपनी समस्या कभी नहीं बताते हमें ही परीक्षण करना होता है। फिर चाहे वह 650 ग्राम के नवजात को स्वस्थ्य करना हो या फिर पीलिया से ग्रसित बच्चों की सतत निगरानी और फोटो थेरेपी देकर उसे स्वस्थ करना। जब पालक खुशी-खुशी अपने बच्चों को लेकर घर जाते हैं तो वही हमारी मेहनत का फल होता है। कोविड के दो साल का समय हमारे लिए बहुत ही मुश्किलों भरा था। बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए हमने खूब मेहनत की। संक्रमित प्रसूता के नवजातों की भी देखभाल हमने की, ऐसे बच्चों की तादाद 100 से अधिक थी।''

**सौम्या : मौतें ने झकझोरा, बच्चों ने संभाला**



बत्तीस साल की के. सौम्या पिल्लई मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शिशु वार्ड में पदस्थ हैं। इन्होंने 25,000 से अधिक लोगों को कोविड टीके से टीकाकृत किया है। 2014 से मेडिकल कॉलेज रायगढ़ जुड़ी सौम्या ने नर्सिंग क्षेत्र में खूब नाम कमाया है। फिर चाहे टीकाकरण ड्यूटी के दौरान साथियों को टीके बाद पड़ने वाले विपरीत प्रभाव (एईएफआई) को या फिर डेडिकेटेड कोविड अस्पलात में ड्यूटी के दौरान पीपीई किट की डॉनिंग-डॉफिंग(पहनना-उतारना) को लेकर साथियों को प्रशिक्षित करना। गंभीर इतना कि कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर में 6 बार कोविड ड्यूटी लगने के बावजूद संक्रमित नहीं हुई। सौम्या के बुजुर्ग परिजन केरल में रहते हैं और कोविड संक्रमण शुरू होने से लेकर अब तक वह उनसे मिल नहीं पाई है। उन्हें कोविड खत्म होने का इंतजार है ताकि जो कि 2 साल लंबा हो चुका है। वह अपने परिजनों को संक्रमण से बचाना चाहती हैं। नर्सिंग पेशे को जुनून की तरह देखने वाली सौम्या ने प्री-मेडिकल टेस्ट भी पास किया था, डॉक्टर बनने के लिए दो कॉलेज थे लेकिन उन्होंने नर्सिंग पेशे को चुना। सौम्या बताती हैं "लोगों की सेवा करने में जो सुकून है वह कहीं है। हमें बच्चों के साथ बच्चा बनना पड़ता है ताकि वह शीघ्र ठीक हो सके। कोविड ड्यूटी के दौरान कम-से-कम 30 लोगों को अपने आंखो से सामने दम तोड़ते हुए देखा है।

**पुष्पलता पाणिग्रही : एक दूसरे के हौसले से चुनौतियों को हराती**



पुष्पलता पाणिग्रही यानी बेबी पुष्पा जो शहरी क्षेत्र की सुपरवाइजर हैं। इनके कंधे पर शहर की सभी 145 आंगनबाड़ी के निगरानी की जिम्मेदारी है। बीते महीने कुछ आंगनबाड़ी को कम कर दिया गया। बावन साल की पुष्पलता आज भी उतनी सक्रिय हैं जितनी 30 साल पहले नई नर्सिंग की नौकरी के समय थी। कोविड नियमों का पालन, टेस्टिंग, ट्रेसिंग, दवा वितरण और टीकाकरण सभी जगह पुष्पा ने ही नर्सिंग क्षेत्र का नेतृत्व किया। कई महीने परिजनों से दूर रहकर 18 घंटे तक काम किया। अब स्थिति सामान्य होने को है फिर भी हर दिन अपने क्षेत्र के आंगबाड़ियों की निगरानी वह करती हैं। मेडिकल कॉलेज की वह स्टाफ हैं तो बकायदा वहां जाकर नर्सिंग स्टाफ से मिलना और उन्हे कुछ न कुछ बताना उनकी दिनचर्या में शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480